30/4/21 Explain

संज्ञा

(Noun)

आओ अभ्यास करें पाठ-५ पुस्तक अभ्यास

1. सही उत्तर के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए-

क. संज्ञा कहते हैं-

(*i*) किसी वाक्य में आए विशेष शब्द को (*ii*) क्ष, त्र, ज्ञ, श्र वर्णों को

(*iii*) किसी प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को ✓ (*iv*) केवल तरल पदार्थ को

ख. संज्ञा के भेद हैं-

(*i*) दो (*ii*) तीन ✓ (*iii*) चार (*iv*) छह

ग. 'थकान' के कारण वह विश्राम करने लगा। रंगीन शब्द है-

(*i*) जातिवाचक संज्ञा (*ii*) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(*iii*) भाववाचक संज्ञा ✓ (*iv*) इनमें से कोई नहीं

घ. 'बूढ़ा' शब्द से बना भाववाचक संज्ञा शब्द है-

(*i*) बुढ़ाई (*ii*) बुढ़ापा ✓ (*iii*) बुढ़ता (*iv*) बुढ़ापन

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

क. संज्ञा किसे कहते हैं?

ख. संज्ञा के कौन-कौन से भेद हैं?

ग. व्यक्तिवाचक संज्ञा और जातिवाचक संज्ञा में क्या अंतर है?

घ. भाववाचक संज्ञा के पाँच उदाहरण दीजिए।

3. कोष्ठक में दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलकर रिक्त स्थान भरिए-

क. इस मकान की ......चौड़ाई...... मापो। (चौड़ा)

ख. दिव्यांशु और कुणाल की मित्रता बहुत अच्छी है। (मित्र)

ग. इस घर की सजावट बहुत सुंदर है। (सजाना)

घ. गरीबों की भलाई करो। (भला)

ङ. सभी का बचपन निराला होता है। (बच्चा)

4. रंगीन शब्द संज्ञा का कौन-सा भेद है? (✓) का निशान लगाकर बताइए–

क. उसने एक खिलौना खरीदा।	जातिवाचक संज्ञा ✓	व्यक्तिवाचक संज्ञा
ख. उसकी सुंदरता देखते ही बनती है।	भाववाचक संज्ञा ✓	व्यक्तिवाचक संज्ञा
ग. सीता बहुत अच्छा गाती है।	व्यक्तिवाचक संज्ञा ✓	भाववाचक संज्ञा
घ. भारत विशाल है।	जातिवाचक संज्ञा	व्यक्तिवाचक संज्ञा ✓
ङ. घोड़ा घास खा रहा है।	व्यक्तिवाचक संज्ञा	जातिवाचक संज्ञा ✓
च. गन्ने में मिठास है।	भाववाचक संज्ञा ✓	व्यक्तिवाचक संज्ञा

5. नीचे दिए गए समूहवाचक और द्रव्यवाचक संज्ञाओं को अलग-अलग लिखिए–

घी सभा जुलूस तेल सेना पानी भीड़ दूध जनता सोना चाँदी कक्षा

समूहवाचक – सभा, जुलूस, सेना, भीड़, जनता, कक्षा

द्रव्यवाचक – घी, तेल, पानी, सोना, चाँदी

6. निम्नलिखित दिए गए शब्दों को सही जगह पर रखिए–

शेर जापान भलाई पंजाब रामायण
मित्रता विद्यार्थी प्रेम औरत

व्यक्तिवाचक संज्ञा – जापान, रामायण, पंजाब

जातिवाचक संज्ञा – शेर, विद्यार्थी, औरत

भाववाचक संज्ञा – भलाई, मित्रता, प्रेम

खेल-खेल में

क. एक चार्ट पेपर पर तीन वृक्ष बनाइए। उन तीनों वृक्षों में संज्ञा के भेद लिखिए और समाचार पत्रों से कुछ संज्ञा शब्द काटकर संज्ञा-भेद के अनुसार चिपकाइए। H.W

ख. अपनी हिंदी पाठ्य पुस्तक के उस पाठ से, जो इस समय पढ़ाया जा रहा है, संज्ञा शब्द छाँटिए और अपनी अभ्यास-पुस्तिका में लिखिए।